विषय कोड : 
Subject Code : **111**

| प्रश्न पत्र सेट कोड<br>Question Paper Set Code |
| --- |
| **H** |

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2020 – (ANNUAL)
# SOCIAL SCIENCE
## ( Optional Compulsory )
# सामाजिक विज्ञान
## ( ऐच्छिक अनिवार्य )

111-

प्रश्न-पत्र क्रमांक
Question Paper Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 48 + 31 = 79
**Total No. of Questions : 48 + 31 = 79**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 24
**Total No. of Printed Pages : 24**

(समय : 2 घंटे 45 मिनट)
[ Time : 2 Hours 45 Minutes ]

(पूर्णांक : 80)
[ Full Marks : 80 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

***Instructions for the candidates :***

1. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
   *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
   *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
3. *इस प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
   *15 minutes of extra time has been allotted to read the questions carefully.*
4. *यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभक्त है, **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
   *This question paper is divided into two sections — **Section-A** and **Section-B**.*
5. ***खण्ड-अ में 48 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें 40 प्रश्न अनिवार्य हैं। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 40 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। OMR उत्तर-पत्रक पर दिए गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***

In **Section-A** there are **48 objective type questions** out of which 40 questions are compulsory. If the candidate answers more than 40 questions, the first 40 answers only will be evaluated. Each question carries **1 mark**. Darken the correct circle given on the OMR answer sheet with black / blue ball pen. **Do not use whitener / liquid material / blade / nail etc. on the OMR answer sheet otherwise the result will be invalid.**

6. **खण्ड-ब** में सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत कुल **5** विषयों के लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **2 अंक** निर्धारित हैं।

   In **Section-B** there are Short Answer Type questions of 5 subjects of **Social Science**. Each question carries **2 marks**.

   **इतिहास** में **5** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q.Nos. 1 से 5) हैं, जिनमें किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **History** has **5** Short Answer Type questions (Q. Nos. 1 to 5) out of which any **3** questions are to be answered.

   **राजनीति विज्ञान** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q. Nos. 8 से 13) हैं, जिनमें किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **Political Science** has **6** Short Answer Type questions (Q. Nos. 8 to 13) out of which any **2** questions are to be answered.

   **अर्थशास्त्र** में **3** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q. Nos. 16 से 18) हैं, जिनमें किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **Economics** has **3** Short Answer Type questions (Q. Nos. 16 to 18) out of which any **2** questions are to be answered.

   **भूगोल** में **5** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q. Nos. 21 से 25) हैं, जिनमें किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **Geography** has **5** Short Answer Type questions (Q. Nos. 21 to 25) out of which any **3** questions are to be answered.

   **आपदा प्रबन्धन** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q. Nos. 28 से 31) हैं, जिनमें किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **Disaster Management** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 28 to 31) out of which any **2** questions are to be answered.

   इनके अतिरिक्त **8** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 6, 7, 14, 15, 19, 20, 26, 27) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में प्रत्येक से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।

   Apart from these, there are **8** Long Answer Type questions (Q. Nos. 6 ,7, 14, 15, 19, 20, 26, 27). Each question carries **4 marks**. One Long Answer Type question each from History, Political Science, Economics and Geography is to be answered.

7. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग नहीं करें।

   Do not use any type of electronic instrument.

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

***प्रश्न संख्या 1 से 48 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।***

***40 x 1 = 40***

*Question Nos. 1 to 48 have four options each, out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 40 questions.* *40 x 1 = 40*

1. द्वितीय महायुद्ध के बाद यूरोप में कौन-सी संस्था का उदय आर्थिक दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए हुआ ?

(A) सार्क (B) नाटो

(C) ओपेक (D) यूरोपीय संघ

After the second great war which organisation in Europe emerged to remove the economic ill effects ?

(A) SAARC (B) NATO

(C) OPEC (D) European Union

2. किसने कहा, मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा ?

(A) महात्मा गाँधी (B) मार्टिन लूथर

(C) मुहम्मद पैगम्बर (D) ईसा मसीह

Who said printing is the greatest gift of God ?

(A) Mahatma Gandhi (B) Martin Luther

(C) Prophet Muhammad (D) Jesus Christ

3. भारत में मतदाता होने की न्यूनतम आयु क्या है ?

(A) 16 वर्ष
(B) 17 वर्ष
(C) 18 वर्ष
(D) 19 वर्ष

What is the minimum age to be a voter in India ?

(A) 16 years
(B) 17 years
(C) 18 years
(D) 19 years

4. भारत में किस प्रकार की शासन प्रणाली है ?

(A) संघीय और अध्यक्षीय
(B) संघीय और संसदीय
(C) एकात्मक और अध्यक्षीय
(D) एकात्मक और संघीय

What type of system of government is there in India ?

(A) Federal and Presidential
(B) Federal and Parliamentary
(C) Unitary and Presidential
(D) Unitary and Parliamentary

5. भारत में कोयले का सर्वप्रमुख उत्पादक राज्य है

(A) पश्चिम बंगाल
(B) झारखण्ड
(C) ओडिशा
(D) छत्तीसगढ़

The leading coal producing state in India is

(A) West Bengal
(B) Jharkhand
(C) Odisha
(D) Chhattisgarh

6. भारत का प्रथम लौह-इस्पात उत्पादक उद्योग है

(A) भारतीय लौह और इस्पात कंपनी (IISCO)
(B) टाटा लौह और इस्पात कंपनी (TISCO)
(C) बोकारो स्टील सिटी
(D) विश्वेश्वरैया लौह और इस्पात प्लान्ट

The first iron and steel producing industry is

(A) Indian Iron and Steel Company (IISCO)

(B) Tata Iron and Steel Company (TISCO)

(C) Bokaro Steel City

(D) Viswesvaraya Iron and Steel Plant

7. स्वर्णिम चतुर्भुज सम्बन्धित है

(A) रेलवे से (B) सड़क मार्ग से

(C) जल मार्ग से (D) वायु मार्ग से

Golden Quadrilateral is related to

(A) Railways (B) Roadways

(C) Waterways (D) Airways

8. गण्डक परियोजना है

(A) बेतिया में (B) वाल्मीकिनगर में

(C) मोतिहारी में (D) छपरा में

Gandak project is in

(A) Bettiah (B) Valmikinagar

(C) Motihari (D) Chapra

9. निम्न में से कौन-सी एक बात लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है ?

(A) कानून के समक्ष समानता (B) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव

(C) उत्तरदायी शासन व्यवस्था (D) बहुसंख्यकों का शासन

Which one of the following is not according to the democratic system ?

(A) Equality before law (B) Free and fair election

(C) Responsible ruling system (D) Rule of majority

10. लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है

(A) नागरिकों की उदासीनता पर

(B) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्रवाई पर

(C) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर

(D) नागरिकों द्वारा अपनी जाति के हितों की रक्षा पर

Success of democracy depends on

(A) disinterest of citizens

(B) illegal activites of citizens

(C) active participation of the citizens

(D) secure the benefits of their caste by the citizens

11. क्षेत्रवाद की भावना का एक कुपरिणाम है

(A) अपने क्षेत्र से लगाव (B) राष्ट्रहित

(C) राष्ट्रीय एकता (D) अलगाववाद

Bad effect of feeling of regionalism is

(A) Attachment to own region (B) National interest

(C) National integration (D) Separationalism

12. कोयला है

(A) अनवीकरणीय संसाधन (B) नवीकरणीय संसाधन

(C) जैव संसाधन (D) इनमें से कोई नहीं

Coal is

(A) Non-renewable resource (B) Renewable resource

(C) Biotic resource (D) None of these

13. भूस्खलन है

(A) प्राकृतिक आपदा (B) मानवीय आपदा

(C) सामान्य आपदा (D) इनमें से कोई नहीं

Landslide is

(A) Natural disaster (B) Man induced disaster

(C) Normal disaster (D) None of these

14. महासागर तल के कंपन का परिणाम है

(A) हिमस्खलन (B) चक्रवात

(C) सुनामी (D) इनमें से कोई नहीं

The result of vibration of ocean bottom is

(A) Avalanche (B) Cyclone

(C) Tsunami (D) None of these

15. पृथ्वी की सतह पर सर्वप्रथम पहुँचनेवाली भूकम्प-तरंग है

(A) पी तरंग (B) एस तरंग

(C) एल तरंग (D) टी तरंग

The seismic wave reaching the earth's surface first is

(A) *P* wave (B) *S* wave

(C) *L* wave (D) *T* wave

16. सुनामी का सम्बन्ध है

(A) स्थल से (B) समुद्र से

(C) आसमान से (D) इनमें से कोई नहीं

Tsunami is related to

(A) Land (B) Sea

(C) Sky (D) None of these

17. दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली संस्था कौन-सी है ?

(A) कृषक महाजन (B) भूमि विकास बैंक

(C) प्राथमिक कृषि साख समिति (D) इनमें से कोई नहीं

Which institution promotes long term loans ?

(A) Agricultural lenders

(B) Land Development Bank

(C) Primary Agricultural Credit Society

(D) None of these

18 आर्थिक विकास का तीसरा क्षेत्र क्या है ?

(A) कृषि क्षेत्र (B) विज्ञान क्षेत्र

(C) शिक्षा क्षेत्र (D) सेवा क्षेत्र

Which is the third sector of Economic development ?

(A) Agriculture sector (B) Science sector

(C) Education sector (D) Service sector

19. नई आर्थिक नीति में किसे सम्मिलित किया गया ?

(A) उदारीकरण (B) निजीकरण

(C) वैश्वीकरण (D) इनमें से सभी

What was included in the New Economic Policy ?

(A) Liberalisation (B) Privatisation

(C) Globalisation (D) All of these

20. उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने के लिए आवेदन शुल्क कितना लगता है ?

(A) 50 रु० (B) 70 रु०

(C) 10 रु० (D) इनमें से कोई नहीं

What is the application fee for making a complaint by the consumer ?

(A) Rs. 50 (B) Rs. 70

(C) Rs. 10 (D) No application fee

21. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 17 मार्च
(B) 15 मार्च
(C) 19 अप्रैल
(D) 22 अप्रैल

When is Consumer Rights Day celebrated ?

(A) 17th March
(B) 15th March
(C) 19th April
(D) 22nd April

22. वैश्वीकरण के मुख्य अंग कितने है ?

(A) एक
(B) दो
(C) पाँच
(D) चार

How many factors constitute globalisation ?

(A) One
(B) Two
(C) Five
(D) Four

23. कौन-सी सेवा गैर-सरकारी है ?

(A) सैन्य सेवा
(B) वित्त सेवा
(C) मॉल सेवा
(D) रेल सेवा

Which of the following is a non-government service ?

(A) Police service
(B) Finance service
(C) Mall service
(D) Railway service

24. भारत की वित्तीय राजधानी किस शहर को कहा गया है ?

(A) मुम्बई (B) दिल्ली

(C) पटना (D) बंगलुरू

Which is the financial capital of India ?

(A) Mumbai (B) Delhi

(C) Patna (D) Bengaluru

25. संघ राज्य की विशेषता नहीं है

(A) लिखित संविधान (B) शक्तियों का विभाजन

(C) इकहरी शासन व्यवस्था (D) सर्वोच्च न्यायपालिका

Which is *not* a characteristic of a federal state ?

(A) Written constitution (B) Power distribution

(C) Unitary ruling system (D) Supreme Judiciary

26. संघ सरकार का उदाहरण है

(A) अमेरिका (B) चीन

(C) ब्रिटेन (D) इनमें से कोई नहीं

The example of federal government is

(A) America (B) China

(C) Britain (D) None of these

27. बिहार में संपूर्ण क्रांति का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया ?

(A) मोरारजी देशाई (B) नीतीश कुमार

(C) इंदिरा गाँधी (D) जयप्रकाश नारायण

Who among the following led the Sampurna Kranti ( Complete Revolution) in Bihar ?

(A) Morarji Desai (B) Nitish Kumar

(C) Indira Gandhi (D) Jay Prakash Narayan

28. लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने निम्नांकित किन मुद्दे पर सफलता पाई है ?

(A) राजनीतिक असमानता को समाप्त कर दिया है

(B) लोगों के बीच टकरावों को समाप्त कर दिया है

(C) बहुमत समूह और अल्प समूह के साथ एक जैसा व्यवहार करता है

(D) समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े लोगों के बीच आर्थिक पैमाना कम कर दिया है

On which of the following points did democratic system get success ?

(A) Abolished the political differences

(B) Abolished the conflicts between the people

(C) Majority and minority groups are treated equally

(D) Reduces the economic grade for the poeple standing in the last line

29. सुदुर संवेदी उपग्रह (रिमोट सेंसिंग उपग्रह) का प्रयोग किसलिए होता है ?

(A) दूर संचार के लिए (B) मौसम विज्ञान के लिए

(C) संसाधनों की खोज के लिए (D) दूरदर्शन के लिए

For which purpose is remote sensing satellite used ?

(A) For telecommunication (B) For meteorology

(C) For searching the resources (D) For television

30. निम्न में कौन भूकम्प का सर्वाधिक संवेदनशील नगर है ?

(A) देहरादून (B) राँची

(C) हैदराबाद (D) चेन्नई

Which of the following is the most sensitive city to earthquake ?

(A) Dehradun (B) Ranchi

(C) Hyderabad (D) Chennai

31. निम्न में से किसे पिछड़ा राज्य कहा जाता है ?

(A) पंजाब (B) केरल

(C) बिहार (D) दिल्ली

Which of the following is called backward state ?

(A) Punjab (B) Kerala

(C) Bihar (D) Delhi

32. भारत में वित्तीय वर्ष कौन कहा जाता है ?

(A) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक (B) 1 जुलाई से 30 जून तक

(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (D) 1 सितम्बर से 31 अगस्त तक

Which of the following is Financial year in India ?

(A) From 1st January to 31st December

(B) From 1st July to 30th June

(C) From 1st April to 31st March

(D) From 1st September to 31st August

33. काउंट कावूर को विक्टर इमेनुएल ने किस पद पर नियुक्त किया ?

(A) सेनापति (B) फ्रांस में राजदूत

(C) प्रधानमंत्री (D) गृहमंत्री

In which post did Victor Emmanuel appoint Count Cavour ?

(A) Army Chief (B) Ambassador in France

(C) Prime Minister (D) Home Minister

34. रक्त एवं लौह की नीति का अवलम्बन किसने किया था ?

(A) मेजिनी (B) हिटलर

(C) बिस्मार्क (D) विलियम I

Who started the policy of blood and iron ?

(A) Mazzini (B) Hitler

(C) Bismarck (D) William I

35. साम्यवादी शासन का पहला प्रयोग कहाँ हुआ था ?

(A) रूस (B) जापान

(C) चीन (D) क्यूबा

Where was the first experiment of the communist governance started ?

(A) Russia (B) Japan

(C) China (D) Cuba

36. बोल्शेविक क्रांति कब हुई ?

(A) फरवरी, 1917 (B) नवंबर, 1917

(C) अप्रैल, 1917 (D) सितम्बर, 1905

When did the Bolshevik revolution take place ?

(A) February, 1917 (B) November, 1917

(C) April, 1917 (D) September, 1905

37. कांटी तापीय विद्युत परियोजना किस जिला में स्थापित है ?

(A) पूर्णिया (B) सीवान

(C) मुजफ्फरपुर (D) पूर्वी चंपारण

In which district is Kanti Thermal Power Project situated ?

(A) Purnia (B) Siwan

(C) Muzaffarpur (D) East Champaran

38. रेल वर्कशाप कहाँ स्थित है ?

(A) जमालपुर (B) भागलपुर

(C) मुंगेर (D) पटना

Where is the railway workshop situated ?

(A) Jamalpur (B) Bhagalpur

(C) Munger (D) Patna

39. सुनामी का प्रमुख कारण क्या है ?

(A) समुद्र में भूकंप (B) मैदानी क्षेत्र में भूकंप

(C) पर्वत पर भूकंप (D) इनमें से कोई नहीं

What is the main cause of Tsunami ?

(A) Earthquake in sea

(B) Earthquake in plain area

(C) Earthquake on mountain

(D) None of these.

40. सूखा क्या है ?

(A) प्राकृतिक आपदा

(B) मानव जनित आपदा

(C) सामान्य आपदा

(D) इनमें से कोई नहीं

What is drought ?

(A) Natural disaster

(B) Man-made disaster

(C) Normal disaster

(D) None of these

41. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है

(A) वनोन्मूलन

(B) गहन खेती

(C) अति पशुचारण

(D) अधिक सिंचाई

The main cause of land degradation in Punjab is

(A) Deforestation

(B) Intensive cultivation

(C) Overgrazing

(D) Overirrigation

42. मानव शरीर में जल की मात्रा होती है

(A) 55%

(B) 60%

(C) 65%

(D) 70%

Amount of water present in human body is

(A) 55%

(B) 60%

(C) 65%

(D) 70%

43 निम्न जीवों में कौन केवल भारत में पाया जाता है ?

(A) मगरमच्छ (B) डॉल्फिन

(C) ह्वेल (D) कछुआ

Which of the following creatures is found only in India ?

(A) Crocodile (B) Dolphin

(C) Whale (D) Tortoise

44. सीमेन्ट उद्योग का प्रमुख कच्चा माल है

(A) चूनापत्थर (B) बॉक्साइट

(C) ग्रेनाइट (D) लौह अयस्क

The main raw material of cement industry is

(A) Limestone (B) Bauxite

(C) Granite (D) Iron ore

45. हिन्द-चीन पहुँचने वाले प्रथम व्यापारी कौन थे ?

(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांसीसी

(C) पुर्तगाली (D) डच

Who were the first merchant to arrive Indo-China ?

(A) England (B) French

(C) Portugal (D) Dutch

46. सविनय अवज्ञा आंदोलन कब शुरू हुआ ?

(A) 1920 (B) 1930

(C) 1935 (D) 1942

When did the civil disobedience movement start ?

(A) 1920 (B) 1930

(C) 1935 (D) 1942

47. राउरकेला लोहा-इस्पात उद्योग है

(A) ओडिशा में (B) झारखंड में

(C) मध्य प्रदेश में (D) पश्चिम बंगाल में

Rourkela iron and steel industry is in

(A) Odisha (B) Jharkand

(C) Madhya Pradesh (D) West Bengal

48. सामंती व्यवस्था से हटकर किस प्रकार की शहरी व्यवस्था की प्रवृत्ति बढ़ी ?

(A) प्रगतिशील प्रवृत्ति (B) आक्रामक प्रवृत्ति

(C) रूढ़िवादी प्रवृत्ति (D) शोषणकारी प्रवृत्ति

Which type of attitude emerged in urban system leaving the feudal system behind ?

(A) Progressive attitude (B) Aggressive attitude

(C) Orthodox attitude (D) Exploitative attitude

## खण्ड - ब / SECTION - B

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **3 × 2 = 6**

*Question Nos. 1 to 5 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* 3 × 2 = 6

1. इटली तथा जर्मनी के एकीकरण में आस्ट्रिया की भूमिका क्या थी ? 2

What was the role of Austria in the unification of Italy and Germany ?

2. दांडी यात्रा का क्या उद्देश्य था ? 2

What was the objective of Dandi March ?

3. "असहयोग आंदोलन प्रथम जन आंदोलन था।" टिप्पणी करें। 2

"Non-cooperation movement was the first mass movement." Comment.

4. औद्योगीकरण ने मजदूरों की आजीविका को किस तरह प्रभावित किया ? 2

How did industrialisation influence the livelihood of labourers ?

5. गाँव के कृषिजन्य आर्थिक क्रियाकलापों की विशेषता को दर्शायें। 2

Mention the characteristics of agro-economic activities of villages.

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 6 और 7 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* **1 × 4 = 4**

*Question Nos. 6 and 7 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* 1 × 4 = 4

6. इटली के एकीकरण में मेंजिनी, कावूर और गैरीवाल्डी के योगदानों को बतायें। 4

State the contributions of Mazzini, Cavour and Garibaldi in the unification of Italy.

7. नई आर्थिक नीति क्या है ? विवेचना करें। 4

What is New Economic Policy ? Discuss.

## राजनीति विज्ञान / Political Science

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** $2 \times 2 = 4$

*Question Nos. 8 to 13 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

8. भारत में किस तरह जातिगत असमानताएँ जारी हैं ? स्पष्ट करें। 2

How are the caste based differences prevalent in India ? Explain.

9. सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र में क्या महत्व रखती है ? 2

What is the importance of Power sharing in democracy ?

10. बिहार में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख कारण क्या थे ? 2

What were the main reasons for the students' movement in Bihar ?

11. भारतवर्ष में लोकतंत्र के भविष्य को आप किस रूप में देखते हैं ? 2

How do you see the future of democracy in India ?

12. आतंकवाद लोकतंत्र की चुनौती है। कैसे ? 2

Terrorism is a challenge for democracy. How ?

13. भावी समाज में लोकतंत्र की जिम्मेवारी और उद्देश्य पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 2

Write a short note on the responsibility and objective of democracy in the coming society.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 14 एवं 15 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* **1 × 4 = 4**

*Question Nos. 14 and 15 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

14. जीवन के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख करें जिसमें भारत में स्त्रियों के साथ भेदभाव है या ये कमजोर स्थिति में हैं। 4

Mention different aspects of life in which in India there is discrimination against women and they are in weak position.

15. भारतवर्ष में लोकतंत्र कैसे सफल हो सकता है ? 4

How could democracy be successful in India ?

## अर्थशास्त्र / Economics

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 16 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **2 × 2 = 4**

*Question Nos. 16 to 18 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* *2 × 2 = 4*

16. अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ? 2

What is Economy ?

17. आय का गरीबी के साथ संबंध स्थापित करें। 2

Explain the relationship between Income and Poverty.

18. ATM क्या है ? 2

What is ATM ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* $1 \times 4 = 4$

*Question Nos. 19 and 20 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

19. सहकारिता के महत्वपूर्ण तत्व क्या हैं ? राज्य के विकास में इसकी भूमिका का वर्णन करें। 4

What are the important elements of co-operation ? Explain its role in development of a state.

20. विश्व के लिए भारत सेवा प्रदाता के रूप में किस तरह जाना जाता है ? उदाहरण सहित लिखें। 4

Explain with example how India is known as service provider to the world.

## भूगोल / Geography

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 21 से 25 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* $3 \times 2 = 6$

*Question Nos. 21 to 25 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* $3 \times 2 = 6$

21. फसल चक्रण, मृदा संरक्षण में किस प्रकार सहायक है ? 2

How is crop rotation helpful in the conservation of soil ?

22. भारत की नदियों के प्रदूषण के कारणों का वर्णन कीजिए। 2

Describe the causes of pollution of the rivers in India.

23. वन्य जीवों के ह्रास के चार प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिए। 2

Mention four main factors of wildlife deterioration.

24. खनिजों के संरक्षण एवं प्रबंधन से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you mean by the conservation and management of minerals ?

25. सौर ऊर्जा का उत्पादन कैसे होता है ? 2

How is solar energy produced ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions**

***प्रश्न संख्या 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 26 and 27 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

26. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? 4

What do you mean by liberalisation, privatisation and globalisation ?

27. भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवहन एवं संचार की महत्ता का वर्णन कीजिए। 4

Describe the importance of transport and communication in Indian economy.

## आपदा प्रबंधन / Disaster Management

**लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions**

***प्रश्न संख्या 28 से 31 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** ***2 × 2 = 4***

*Question Nos. 28 to 31 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* *2 × 2 = 4*

28. आपदाएँ कितने प्रकार की होती हैं ? 2

How many types of disaster are there ?

29 बाढ़ नियंत्रण के लिए उपाय बताएँ। 2

Suggest measures to control flood.

30 भूकंप और सुनामी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

Differentiate between Earthquake and Tsunami.

31 आकस्मिक प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका का वर्णन करें। 2

Describe the role of local administration in emergency management.